Bharat Temples

जरा ध्यान से सुनलो

तर्ज _ ये पर्दा हटा दो ज़रा मुखडा दिखा दो

जरा ध्यान से सुनलो न घर से बाहर निकलो
जरा ध्यान से सुनलो न घर से बाहर निकलो
आया कोरोना बायरस घर से निकलें नहीं
अरे मोदी जी भी कहते हैं घर से निकलें नहीं

ना घबरायें कोरोना से सावधानियां बरतें
लॉकडाउन की सभी लोग स्वीकार करें सब शर्तें
फिर कुछ नहीं होगा ,परिवार सुरक्षित होगा
फिर कुछ नहीं होगा ,परिवार सुरक्षित होगा
ये ही इसका उपचार है कोई और नहीं
अरे मोदी जी भी कहते हैं घर से निकलें नहीं
जरा ध्यान से सुनलो ---- आया कोरोना बायरस---

मास्क लगायें सभी लोग सैनिटाइजर अपनायें
सोशल डिस्टन्सिंग अपनायें ये सब को बतलायें
इसी में है भलाई , इसकी कोई नहीं दवाई
इसी में है भलाई , इसकी कोई नहीं दवाई
वैज्ञानिक भी हैरान हैं हल निकले नहीं
अरे मोदी जी भी कहते हैं घर से निकलें नहीं
जरा ध्यान से सुनलो ---- आया कोरोना बायरस---

बाहर घूमने वालो सुनलो,सुनलो मेरे भाई
बेवजह घूमोगे बाहर जमकर लगे धुनाई
न जाने क्या ,क्या होगा नस ,नस मे दर्द होगा
मसलोगे बाम तमाम --मिले आराम नही
अरे मोदी जी भी कहते हैं घर से निकले नही
जरा ध्यान से सुनलो ---- आया कोरोना बायरस---

कोरोना ने सकल विश्व में भारी धूम मचाई
जाने कितने लोगों ने है अपनी जान गॅबाई
कहें नेम चन्द भाई ये कैसी आफत आयी
अभी मिलती नहीं दबाई घर से निकलें नहीं
अरे मोदी जी भी कहते हैं घर से निकलें नहीं
जरा ध्यान से सुनलो ---- आया कोरोना बायरस---

जय हिन्द जय भारत 6397647998

Source: https://www.bharattemples.com/jra-dhyan-se-sunlo/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw